## खबर संक्षेप

### हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**शहडोल।** जिले की गोहपारू पुलिस ने महुआ का पेड़ गिराने को लेकर हुए विवाद में हुई हत्या के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 नवंबर 2025 को फरियादिया रामरती वर्मा, निवासी मझौली पतेरा टोला, ने थाना गोहपारू में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके ससुर राजू वर्मा उम्र 50 वर्ष की हत्या कर दी गई है। फरियादी के अनुसार उसके ससुर महुआ का सूखा पेड़ गिरवा रहे थे, तभी गांव में ही रहने वाला सल्लू केवट उर्फ राज पुरानी रंजिश के चलते वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि आरोपी ने हत्या की नीयत से अपने पास रखी टांगी से पीछे से हमला किया और राजू वर्मा के सिर पर वार किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया, लेकिन गंभीर चोट लगने से राजू वर्मा की मौत हो गई। थाना गोहपारू पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश शुरू की। लगातार प्रयासों के बावजूद आरोपी फरार चल रहा था। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी सल्लू केवट उर्फ राज प्रसाद केवट उम्र 25 वर्ष ग्राम मझौली पतेरा टोला में दिखाई दिया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त टांगी को गवाहों के समक्ष जप्त किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार मिश्रा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक भागचंद, आरक्षक अजीत यादव, अमृत लाल यादव और नरेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पुलिस ने अवैध रेत उत्खनन व परिवहन पर की कार्रवाई

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले भर में अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उसी के तहत थाना गोहपारू पुलिस ने अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित आरोपी चालक को गिरफ्तार किया है। 6 दिसंबर 2025 को गोहपारू पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सोन नदी से चोरी छिपे रेत निकालकर नीले रंग की आयशर ट्रैक्टर-ट्रॉली में लोड कर ग्राम सोनटोला की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के निर्देशन में पुलिस टीम मौके के लिए रवाना हुई। खुदखुदिया नाला सोनटोला के पास रोड पर एक नीले रंग का आयशर ट्रैक्टर फुल ट्रॉली रेत के साथ आते दिखा, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर रोक लिया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम विपेंद्र जयसवाल पिता सुखनंदन जयसवाल उम्र 27 वर्ष निवासी हर्रहा टोला थाना गोहपारू बताया। रेत और वाहन से संबंधित दस्तावेज मांगे जाने पर चालक कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि ट्रैक्टर उसका ही है और रेत सोन नदी से अवैध रूप से चोरी कर भरकर लाया जा रहा था। चालक का यह कृत्य बीएनएस, खनिज अधिनियम तथा मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत दंडनीय पाया गया। पुलिस ने मौके पर ही ट्रैक्टर-ट्रॉली और भरी हुई रेत को गवाहों के समक्ष जप्त किया तथा उसे थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया। आरोपी के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार मिश्रा के नेतृत्व में सउनि भागचंद, आरक्षक राजकुमार रघुवंशी और आरक्षक अजीत यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने कहा है कि अवैध उत्खनन में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध ऐसी कार्रवाइयां आगे भी लगातार जारी रहेंगी।

## दादू ट्रेवल्स की लापरवाही ने ली आरक्षक की जान

# शहडोल में दादू ट्रेवल्स का आतंक

### परिवहन विभाग की सुस्ती और पुलिस की ढिलाई ने खो दी एक जिंदगी

शहडोल।

**दादू एंड ट्रेवल्स की अनियंत्रित बस दोपहर 02 बजे के आसपास बस स्टैंड पहुंची और चालक मैं जानबूझकर बस को बस अड्डे पर प्रवेश करने के दौरान इतनी तेज गति से चलाया जिससे सामने कोई भी होता तो उसकी जान चली जाती**









शेड्यूल कोतवाली में 47 साल के महेश पाठक को इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी बस की ठोकर से मौके पर ही महेश पाठक की मौत हो गई, कोतवाली के द्वारा उसकी ड्यूटी लंबे समय से राजीव गांधी बस अड्डे पर लगाई गई थी, घटना की सूचना के बाद तमाम पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और धीरे-धीरे वहां लोगों का हुजूम इक_ा होने लगा घटना को अंजाम देने के बाद बस का चालक बस को वहीं छोड़कर भाग गया था, देर शाम पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया और उससे पूछताछ की जाने लगी, पास लगे सीसीटीवी कैमरे और प्रत्यक्ष दर्शियों के बयान के बाद पुलिस ने बस के चालक कपिल सिंह गोंड के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत अपराध कायम कर लिया, पुलिस को जप्त कर कोतवाली लाया गया लेकिन इन सब के बीच पुलिस भले ही कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें और आरोपी को जेल की हवा खानी पड़े, लेकिन शानदार पुलिसिंग और अपने अच्छे व्यवहार के लिए पूरे शहडोल जिले में अपनी पहचान बन चुके हैं 47 साल के महेश पाठक की जान ही दोबारा लौट के नहीं आएगी, महेश पाठक की मौत ने कोतवाली प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों को मायूस कर दिया और रोने पर मजबूर कर दिया, इसके साथ ही पूरे बस स्टैंड क्षेत्र में कुछ घंटे तो मातम का माहौल छाया रहा है, लेकिन उसके बाद फिर बस अपने पुराने अंदाज में धमा चौकड़ी मचाती हुई नजर आई, यह सिर्फ एक दुर्घटना नहीं बल्कि इसके पीछे के भी तथ्यों पर जाकर देखने की जरूरत है, हादसा क्यों हुआ यह दुखद पहलू था, जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती कि महेश पाठक जैसे ईमानदार और नेक पुलिस आरक्षक की मौत हो गई, लेकिन इसकी कीमत पहले भी कई लोग चुका चुके हैं और महेश पाठक न होते तो और किसी की भी जान कभी भी जा सकती थी, पुलिस इस बार गंभीर तो काफी नजर आई,लेकिन वह कितने दिनों तक गंभीर रहेगी। जिला प्रशासन इस मामले में दादू एंड ट्रेवल्स के संचालकों को लेकर कितना संजीदा होगा उनके खिलाफ कुछ कार्यवाही होगी या 1 दिसंबर और 6 दिसंबर के जैसे पकड़ी गई दादू ट्रेवल्स की बसों के साथ केवल खानापूर्ति की जाएगी।

### 1 दिसंबर को पड़ी बस भी चर्चा में



यातायात पुलिस ने 1 दिसंबर को नियमित जांच के दौरान दादू ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 17 पी 1248 को पकड़ा था, यातायात विभाग ने जब दादू ट्रेवल्स की शहडोल से रीवा की ओर जा रही इस बस के दस्तावेजों की जांच की तो पता चला कि बस के पास जिंदा फिटनेस नहीं था , नियम था फिटनेस ना होने पर बस को तत्काल खड़ा करना चाहिए था और स्थानीय परिवहन विभाग को सूचना देकर उसकी फिटनेस इस समय बना था, लेकिन यातायात पुलिस ने महज 5000 का जुर्माना देकर उसे आगे जाने की इजाजत दे दी, सवाल लौटता है कि क्या पुलिस की वर्दी पहनकर थाने में बैठे यातायात विभाग के अधिकारियों को इस बात का जरा भी इल्म नहीं है कि बस का जब फिटनेस नहीं होता है तो आगे यदि बस दुर्घटनाग्रस्त होती है तो, उसका खामियाजा यात्रियों को उठाना पड़ेगा, फिटनेस ना होने पर परमिट और बीमा आदि सब शून्य हो जाता है, दादू ट्रेवल्स की तथाकथित बस के संचालक ने उसी दिन रीवा में जाकर शाम लगभग 06 बजे के आस-पास परिवहन विभाग में फिटनेस बनवा लिया, लेकिन जो काम शहडोल की यातायात पुलिस और परिवहन विभाग को करना चाहिए था, उनके द्वारा छूट आखिर किन शर्तों पर दी गई या किसी आर्थिक लाभ के कारण दी गई, यह शहडोल पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारी आसानी से समझ सकते हैं।

### 6 दिसंबर को स्कूल बस की जप्त



6 दिसंबर की शाम लगभग 8 से 9 बजे के बीच पुलिस अधीक्षक को मिली सूचना के बाद यातायात पुलिस ने किसी दादू एंड ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 18 पी 1255 को खड़ा कराया , यह बस रीवा से शहडोल की और आ रही थी, जांच में यह पाया गया कि बस के पास कोई भी परमिट नहीं है, परमिट शर्तों का उल्लंघन करके या बस दौड़ रही थी, यह भी बात सामने आई की बस शैक्षणिक संस्था के लिए परिवहन विभाग में रजिस्टर्ड है, यही नहीं बस क्रमांक एमपी 18 पी 1255 का पुराना इतिहास बताता है कि मार्च 2025 में तत्कालीन परिवहन अधिकारी आशुतोष सिंह भदौरिया ने जांच के दौरान बस को जप्त किया था और 150000 के आस-पास जुर्माना भी किया था, बस के संचालकों ने बस के मूल ढांचे में परिवर्तन कर दिया और 50 प्लस दो में रजिस्टर्ड बस को बदलते हुए, दो भाइयों की बस बना दी, बस फिलहाल यातायात थाने शहडोल में खड़ी है और इस संदर्भ में थाना प्रभारी संजय जयसवाल कहते हैं कि बस को आरटीओ के सुपुर्द किया जाएगा आगे की कार्यवाही वही करेंगे।

### 7 दिसंबर को चुका दी कीमत

दादू एंड ट्रेवल्स जिसका संचालन ब्यौहारी से किया जाता है, इस आरोप है कि इस ट्रेवल्स की आधी बस बिना परमिट और बिना फिटनेस तथा अन्य परिवहन नियमों का उल्लंघन करते हुए दौड़ती है, यह कोई नया मामला नहीं है, बल्कि वर्षों से दादू एंड ट्रेवल्स की बसों का संचालन इसी तरह होता है, जिले के ब्यौहारी थाना अंतर्गत ब्यौहारी बस स्टैंड पर अनाधिकृत तौर पर खुलेआम कब्जा करने वाले दादू एंड ट्रेवल्स की बसों के द्वारा किसी भी अन्य ट्रेवल्स की बस को बस स्टैंड परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया जाता है, इसकी खबर ब्यौहारी के थाना प्रभारी सहित वहां के अनुभाग पुलिस अधिकारी के साथ ही मुख्यालय में बैठे पुलिस, परिवहन और जिला प्रशासन के अधिकारियों तक है, लेकिन इस संदर्भ में कार्यवाही क्यों नहीं की जाती यह जिम्मेदार ही जाने, इतना ही नहीं बीते 1 साल के अंतराल में शहडोल जिले में शहडोल से लेकर रीवा तक हुई सडक़ दुर्घटनाओं में दर्ज शिकायतों का अवलोकन किया जाए तो 50 से 60 प्रतिशत शिकायतें और दुर्घटनाएं अकेले दादू एंड ट्रेवल्स के द्वारा ही कारित की गई होंगी, बावजूद इसके पुलिस विभाग की चुप्पी, परिवहन विभाग के द्वारा अपने जमीर को बेचना और नेताओं का हल्का पन महेश पाठक जैसे ईमानदार और कर्तव्य निस्ट आरक्षक को अपनी जान देकर इसकी कीमत चुकानी पड़ी।

### परिवहन विभाग अपनी ही मस्ती में

बसों के संचालन से लेकर उनके परमिट फिटनेस आदि का जिम्मा परिवहन विभाग को दिया हुआ है, पुलिस या जिला प्रशासन केवल परिवहन विभाग की मदद के लिए होता है, लेकिन शहडोल में परिवहन विभाग का किस्सा अनूठा ही है, परिवहन विभाग पहले किसी होटल से संचालित होता था और अब वहां से दो दिन पहले स्थानांतरित होकर निजी भवन में चला गया है , लाइसेंस का काम चपरासी कर रहे हैं और बाबुओं का काम गार्ड कर रहे हैं, बाकी का जिम्मा दलालों ने संभाल कर रखा है, 1 दिसंबर और 6 दिसंबर को पुलिस ने जो कार्यवाही की है, इसकी सूचना पुलिस से पहले परिवहन विभाग तक भी पहुंची, लेकिन शायद उस समय परिवहन विभाग के जिम्मेदार विधानसभा में हुई शिकायतों के मैनेजमेंट में लगे थे, इस कारण उन्हें कार्यवाही या जांच की फुर्सत तक नहीं मिली , जांच और कार्यवाही से परे सिर्फ फोटो सेशन में जोर देने वाले परिवहन विभाग के अधिकारियों को रविवार को बस स्टैंड में हुए हादसे के बाद ना तो वहां पहुंचने का समय मिला और न ही इस संदर्भ में उनके तरफ से कोई प्रतिक्रिया ही सामने आई, जबकि बस की जांच का जिम्मा, कार्यवाही और परिवहन विभाग से जुड़े तमाम प्रक्रियाएं परिवहन विभाग के ही जिम्मे में होती है, लेकिन यहां परिवहन विभाग की सुस्ती के बाद पुलिस को अन्य कामों के साथ यह जिम्मेदारी भी थोप दी गई है।



## सुहाना ने शहडोल रन प्रतियोगिता में हासिल किया दूसरा स्थान

# विचारपुर के बेल वेदर विद्यालय में हुआ भव्य आयोजन

### 200 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया भाग

शहडोल।

जिले के विचारपुर स्थित बेल वेदर विद्यालय में बीते रविवार को वन शहडोल- रन शहडोल के तहत दौड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। सुबह 7 बजे शुरू हुई इस प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न अशासकीय विद्यालयों से लगभग 200 से 300 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ढाई किलोमीटर की इस चुनौतीपूर्ण दौड़ में टाइम्स पब्लिक स्कूल की कक्षा 9 वीं की छात्रा सुहाना द्विवेदी ने अपने बेहतर प्रदर्शन से द्वितीय स्थान अर्जित कर विद्यालय, गुरुजनों और अपने माता-पिता का गौरव बढ़ाया। सुहाना को इस प्रतियोगिता के लिए खेल शिक्षक संजय कांगीकार, रामकिशन चौरसिया, अमृतांजलि पटेल, शिवानी नामदेव और लक्ष्मी सहीस द्वारा प्रशिक्षण दिया गया था। विद्यालय प्रबंधन ने सुहाना की उपलब्धि को सराहते हुए इसे भविष्य में उत्कृष्ट प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा बताया।

### कलेक्टर ने दिया खेल का संदेश

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर केदार सिंह शामिल हुए। उन्होंने विद्यालय के खेल मैदान का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए अनिवार्य हैं। उन्होंने बताया कि खेल सिर्फ प्रतियोगिताओं तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन कौशल, अनुशासन, टीमवर्क और स्वास्थ्य सुधारने का महत्वपूर्ण साधन हैं। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को फुटबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल, तैराकी, बैडमिंटन, योग और एथलेटिक्स जैसे विभिन्न खेलों में नियमित रूप से भाग लेने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शारीरिक गतिविधियाँ शरीर को स्वस्थ रखने के साथ मानसिक विकास को भी तेज करती हैं।

### शहडोल से उभर रही नई खेल प्रतिभाएं

कलेक्टर ने अपने वक्तव्य में यह भी उल्लेख किया कि पिछले कुछ वर्षों में जिले ने खेलों में उल्लेखनीय पहचान बनाई है। क्रिकेट, फुटबॉल और अन्य खेलों में नई प्रतिभाएँ उभरकर सामने आ रही हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी पूजा वस्त्रकर इसका प्रमुख उदाहरण हैं, कार्यक्रम में बेल वेदर विद्यालय के संचालक सफदर हुसैन बोहरा, जिला क्रीड़ा परिसर समन्वयक पुष्पराज सिंह, क्रीड़ा विभाग के प्रभारी अजय सिंह, विद्यालय प्राचार्य सहित समस्त शिक्षक-स्टाफ उपस्थित रहे। दौड़ प्रतियोगिता के सफल आयोजन और सुहाना के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय में हर्ष का माहौल रहा।

## शालाओं में स्मार्ट क्लास एवं रेमेडियल क्लास का संचालन



**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह द्वारा शैक्षणिक गुणवत्ता को प्राथमिकता देते हुए स्कूलों में स्मार्ट क्लास एवं रेमेडियल क्लास का अधिकाधिक प्रयोग करने के निर्देश संबंधित स्कूल के प्राचार्यों को दिए गए हैं। उन्होंने सहायक आयुक्त जनजातीय विभाग आनन्द राय सिन्हा एवं जिला शिक्षा अधिकारी को नियमित मानीटरिंग के भी निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि जिले की समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में शिक्षक विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति का मूल्यांकन करें तथा जिन विषयों में अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहे हों उनक विषयों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के माध्यम से वीडियो एवं नोट्स तैयार कर संबंधित विद्यालयों को उपलब्ध कराए जाएं। सभी स्कूलों में इनका उपयोग सुनिश्चित किया जाए। आपने कहा कि विद्यालयों का नियमित भ्रमण कर संबंधित अधिकारी शिक्षा की गुणवत्ता को परखें तथा विद्यार्थियों से सुझाव प्राप्त करें। उनके सुझाव के अनुरूप कठिन विषयों गणित अंग्रेजी विज्ञान की विशेष कक्षाएं संचालित करें। समय-समय पर विद्यार्थियों का मूल्यांकन कर उनकी ग्राह्यता का भी अध्ययन करें। विद्यार्थियों को नियमित स्कूल आने तथा शिक्षकों द्वारा नियमित रूप से कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए हैं। सीईओ जिला पंचायत द्वारा बोर्ड परीक्षाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में अपेक्षित परिणाम प्राप्त करने के लिए स्कूलों में आधुनिक शिक्षा प्रणाली के तहत स्मार्ट क्लास तथा विषय विशेषज्ञों के माध्यम से विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिन्हा ने बताया कि स्कूलों में स्मार्ट क्लास के माध्यम से शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के प्रयास शुरू किए गए हैं। कन्या शिक्षक परिसर कटकोना बुढ़ार के निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों को स्मार्ट क्लास के माध्यम से अंगेजी की शिक्षा दी जा रही है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद्दू LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक बार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण** – 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण** – 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण** – 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# मौहार टोला सामुदायिक भवन में पुताई घोटाला!

## 100 लीटर पेंट का बिल, 86,000 भुगतान, सरपंच-सचिव पर आरोप





शहडोल

जिले की बुढ़ार जनपद की ग्राम पंचायत नगपुरा के ग्राम मौहार टोला स्थित सामुदायिक भवन के पुताई कार्य में वित्तीय अनियमितता का बड़ा मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार भवन की पुताई के लिए 100 लीटर इमरशन पेंट का बिल दर्ज किया गया, जबकि इसी आकार के भवन में आमतौर पर 10 से 20 लीटर पेंट में पूरा कार्य संभव बताया जाता है। इसके बावजूद बिना किसी तकनीकी मूल्यांकन, माप-पत्र या कार्यस्थल निरीक्षण के 35,000 का भुगतान सीधे पास कर दिया गया। यही नहीं, ऐसे ही कई सामुदायिक भवन के नाम पर कुल 86,000 रुपए का खर्च दर्ज कर राशि निकाल ली गई।

### मूल्यांकन और माप-पत्र गायब

ग्रामीणों का कहना है कि न तो उपयंत्री ने माप-पत्र तैयार किया, न ही किसी अधिकृत अधिकारी द्वारा कार्य की गुणवत्ता जांच की गई। फिर भी भुगतान की पूरी प्रक्रिया पूर्ण कर दी गई। ग्रामीणों ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया कि सरपंच और सचिव से जब पूछा जाता है कि इतना खर्च किस आधार पर निकाला गया, तो जवाब मिलता है कि ऊपर कमीशन देना पड़ता है, इसलिए पैसा निकलता है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुताई कार्य वास्तविकता के बजाय कागजों में बढ़ा-चढ़ाकर दर्ज किया गया, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ।

### विरोध करने पर धमकी का आरोप

ग्रामीणों ने यह भी कहा सवाल करने पर हमें उल्टा फंसाने की चेतावनी दी जाती है। कहा जाता है कि जो करना है कर लो, हम किसी से डरते नहीं। यह बयान पंचायत व्यवस्था में कथित दबाव, मनमानी और भ्रष्टाचार की ओर संकेत करता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि सामुदायिक भवन के पुताई कार्य का तकनीकी मूल्यांकन किसने और कब किया? माप-पत्र और निरीक्षण रिपोर्ट भुगतान से पहले क्यों नहीं बनाई गई? 10-20 लीटर पेंट में पुताई संभव होने पर 100 लीटर का बिल कैसे दर्ज हुआ? कुल 86,000 के भुगतान पर किस अधिकारी की अनुमति दर्ज है? क्या पेंट की खरीद, परिवहन और उपयोग का भौतिक सत्यापन हुआ?

### जिला पंचायत सीईओ से जांच की मांग

ग्रामीणों ने जिला पंचायत सीईओ से तत्काल जांच, लेखा परीक्षण और पात्रता जांच कराए जाने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि उचित जांच नहीं हुई तो वे जन आंदोलन एवं उच्चाधिकारियों को ज्ञापन सौंपने के लिए बाध्य होंगे। मौहार टोला सामुदायिक भवन पुताई कार्य से जुड़ा यह मामला पंचायत वित्तीय प्रणाली, भुगतान प्रक्रिया और तकनीकी अनुमोदन पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। बिना मूल्यांकन और बिना माप-पत्र भुगतान न केवल पंचायत अधिनियम के विरुद्ध है बल्कि लोक धन के दुरुपयोग की ओर संकेत करता है।

**कार्यालय डिस्ट्रिक कमांडेंट होमगार्ड उमरिया में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस**

# होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस पर कार्यक्रम सम्पन्न





उमरिया।

कार्यालय डिस्ट्रिक कमांडेंट होमगार्ड उमरिया में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस माननीय कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भगवानी कि उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर परेड कमांडर राहुल कुमार साहू द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी देने के पश्चात परेड को मार्च किया गया। इस दौरान माननीय राष्ट्रपति , महानिदेशक होमगार्ड,एवं प्राप्त अन्य संदेशों का वाचन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु सम्मानित किया गया, जिसमें होमगार्ड सैनिक राजेंद्र राय के पुत्र प्रिंस राय तथा होमगार्ड सैनिक नीरज गिरी की पुत्री मुस्कान गिरी को चेक देकर पुरस्कृत किया गया। बाढ़ आपदा के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले होमगार्ड तथा एसडीआरएफ जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया तथा बाढ़ एवं राहत उपकरणों का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज,सूबेदार अमित विश्वकर्मा,भूतपूर्व सैनिक संतोष चतुर्वेदी उत्कृष्ट महाविद्यालय का स्टाफ तथा वाइल्डलाइफ सेविंग समिति इंडिया के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में होमगार्ड परिवार के सदस्यों एवं उनके बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद का आयोजन विशेष अतिथि श्री एस पी तिवारी रिटायर्ड जिला खेल अधिकारी के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ जिसमें होमगार्ड जवान एवं उनके परिवार के सदस्य शामिल रहे।

## ओलंपियाड परीक्षा, छात्रावासों का जिला शिक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण



**उमरिया।** जिला शिक्षा अधिकारी आर एस मरावी ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया में संचालित ओलंपियाड परीक्षा,शासकीय उत्कृष्ट बालक छात्रावास एवं शासकीय उत्कृष्ट बालिका छात्रावास उमरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी बच्चों एवं हॉस्टल अधीक्षक से भोजन की गुणवत्ता,परीक्षा परिणाम में सुधार लाने एवं ठंड से बचाव पर चर्चा की गई एवं बालिका छात्रावास में नये रखे हुए सोलर वॉटर हिटर को इंस्टॉल करते हुए बच्चों को गर्म पानी उपलब्ध कराने के निर्देश प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया एवं हॉस्टल अधीक्षक को दिए गए।

## जिले में सभी के सहयोग से पूरा हुआ एस आई आर का कार्य: कलेक्टर

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों का किया सम्मान















उमरिया।

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशन में जिले में 4 नवंबर से 4 दिसम्बर तक एस आई आर का कार्य संपन्न किया गया। उमरिया जिले में एस आई आर का कार्य निर्धारित समय सीमा के पूर्व करते हुए उमरिया जिला प्रदेश के प्रथम 10 जिलों में शामिल हुए, जो ज़िले के लिए गौरव की बात है। उक्त आशय के विचार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने उमरिया जिले में एस आई आर का डिजिटाइजेशन शत प्रतिशत पूर्ण कर प्रदेश के प्रथम 10 जिलों में स्थान प्राप्त करने पर शासकीय कॉलरी स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि समय समय पर भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल का मार्गदर्शन मिलता रहा, एस आई आर कार्य मे गति लाने के लिए सभी ने टीम भावना के साथ काम किया , जिसका परिणाम रहा कि यह उपलब्धि हासिल हो सकी है। उन्होंने अपेक्षा की इसी तरह आगे भी टीम भावना के साथ काम करते हुए जिले के नाम रोशन करते रहेंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सी ई ओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि एस आई आर कार्य कार्यक्रम जारी होने के साथ ही बी एल ओ द्वारा घर घर सम्पर्क किया गया , तथा मतदाताओ से सम्पर्क कर उनका फार्म भरवाया गया,एवं डिजिटाइजेशन का कार्य किया गया। समय समय पर मौका निरीक्षण करते हुए बी एल ओ को प्रोत्साहित किया।बी एल ओ पर एस आई आर कार्य का ज्यादा बोझ नही हो इसके लिए आँगनबाड़ी कार्यकर्ता , सचिव, रोजगार सहायको की ड्यूटी लगाई गई।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया ने कहा कि एस आई आर कार्य की प्रगति के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया था, जहाँ से हर दो घंटे में प्रगति की रिपोर्ट ली जाती थी, जिस मतदान केंद्र में एस आई आर कार्य की गति धीमी होती थी, तो वहाँ के बी एल ओ से सम्पर्क कर उनकी समस्याओं को सुना जाता था, तथा उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाता था। कार्यक्रम में ईआरओ मानपुर हरनीत कौर कलसी,एईआरओ नौरोजाबाद अभयानंद शर्मा ने भी एसआईआर कार्य के सम्बंध अपने अपने अनुभव साझा किए।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन सहित अन्य अधिकारियों ने ई आर ओ 90 मानपुर हरनीत कौर कलसी, 89 बाँधवगढ़ कमलेशराम नीरज ,ए ई आर ओ बांधवगढ़ दिलीप सोनी को सर्वाधिक डिजिटाइजेशन करने पर, नायब तहसीलदार सतीश सोनी को मतदान केंद्रों की सतत मॉनीटरिंग एवं अपडेशन करने पर शाल श्रीफल से सम्मानित किया। इसी प्रकार उमरिया अंतर्गत एस आई आर में 100 प्रतिशत प्रगति वाले 89 बांधवगढ़ अंतर्गत मतदान केंद्र क्र. 208 उमरपानी के बी एल ओ नत्थू लाल कोल, मतदान केंद्र क्र. 206 सहिजना के बी एल ओ राजेन्द्र कडोकर, मतदान केंद्र क्र. 109 भरौला के बी एल ओ लक्ष्मण गडारी,मतदान केंद्र 116 कछरवार की बी एल ओ ज्योति सोनी, मतदान केंद्र क्र 197 की बी एल ओ भुंडी के बीएलओ शिव कुमार सिंह, मतदान केंद्र क्र. 141 उमरिया के बी एल ओ शुभा श्रीवास्तव एवं उनकी टीम का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

इसी प्रकार 90 मानपुर के मतदान केंद्र क्र. 203 ख़ुसरवाह के बी एल ओ रामदीन यादव, मतदान केन्द्र क्र. भरौली के बी एल ओ दिलीप त्रिपाठी, मतदान केन्द्र क्र. 153 पिपरीटोला के बी एल ओ विनोद सिंह, मतदान केंद्र क्र0 186 कछियाटोला के बी एल ओ जगन सिंह, मतदान केंद्र क्र. 60 बरदौहा के बीएलओ सुरेंद्र सिंह एवं मतदान केंद्र क्र. 148 रक्शा के बी एल ओ संग्राम सिंह एवं उनकी टीम को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सहायक प्रोग्रामर , डाटा इंट्री आपरेटरो को भी साल श्रेफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बी एल ओ सुपरवाइजर, बी एल ओ ने अपने अपने अनुभवों को साझा किया।इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता, एस डी एम पाली मिनाक्षी इंगले, प्रभारी एस डी एम बाँधवगढ़ कमलेश नीरज सहित अन्य जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु जागरुकता कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास दिव्या गुप्ता ने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत देवर्षि पब्लिक हाई सेकेंडरी स्कूल महरोई एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय चंदवार में आयोजित कर जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु जागरुकता सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक पूजा गुप्ता एवं केस वर्कर दिव्या तिवारी द्वारा उपस्थित छात्र /छात्राओं को घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीडन, बाल विवाह (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013, पॉक्सो एक्ट एवं भारतीय न्याय संहिता के कानूनो के बारे में बताते हुये स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से इनके निपटारे की कैसी व्यवस्था होनी चाहिये ,शी बॉक्स के बारे बताया। इसके अलावा हिमोग्लोबिन की जांच और मासिकधर्म के दौरान आयरनफोलिक एसिड टेबलेट का उपयोग और खान पान में संतुलित आहार एवं स्थानीय फल एवं सब्जियों के उपयोग के बारे में जागरुक किया गया। लिंग संवेदीकरण मुद्दे से छात्र /छात्राओं को अवगत कराया गया। तत्पश्चात प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं उत्कृष्ट छात्र/छात्राओं को उपहार भी दिया गया। स्कूल में उपस्थित सभी को आवश्यक हेल्प लाईन नंबरों जैसे 1098,112,181,1930 टोल फ्री नंबर के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक, छात्र छात्रायें,एवं वन स्टॉप सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर श्रीमती अनीता चौरसिया चौतन्य वाइज संस्था से ट्रेनिंग एसोसिएट सीमा सिंह और काउंसलर काव्या सिंह राठौर, चंद्रवती साकेश, गायत्री वर्मा और प्रीति बर्मन बहुउद्देशीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लापता महिला को पुलिस ने किया दस्तयाब

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना अंतर्गत मौहरी गांव में रहने वाली 36 वर्षीय महिला पति से अनबन के बाद घर से अचानक लापता हो गई थी। जिसे पुलिस ने छत्तीसगढ़ के मरवाही से दस्तयाब करने में सफलता पाई है। कार्यवाही को लेकर प्रधान आरक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि बिना बताए पत्नी के कही चले जाने पर थाने में पति तानु सिंह के द्वारा गुमशुदगी दर्ज कराई गई। पुलिस के द्वारा महिला के रिश्तेदारी एवं साइबर की मदद से मरवाही में होने की जानकारी के बाद महिला को सकुशल लाते हुए पति से मिलाया।

**सामाजिक मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा**


# कोतमा विधानसभा में गोंड़ समाज का नवा खाने-खिचड़ा कार्यक्रम सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज कोतमा।

विधानसभा क्षेत्र कोतमा अंतर्गत गोंड़ समाज के सामाजिक युवाओं द्वारा मौहरी गांव के पास नवा खाने-खिचड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवा, वरिष्ठजन एवं समाज के पदाधिकारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने समाज की एकता, संस्कृति व परंपराओं को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान गोंड़ समाज के देवशरण सिंह गोंड पूर्व पार्षद नगर पालिका परिषद कोतमा ने बताया कि धर्म, संस्कृति, पूजा-पद्धति, रीति-रिवाज, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सहित समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही कोतमा विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले मूलनिवासी समुदाय के अधिकारों व उनके सामाजिक सरोकारों को संरक्षित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। बैठक में जल-जंगल-जमीन से जुड़े मुद्दों पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि जमीन से जुड़े जो मामले तहसील न्यायालय में लंबित हैं, उनका शीघ्र निराकरण किया जाना चाहिए ताकि समाज के लोगों को न्याय मिल सके। इसके अलावा शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर भी सुझाव प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम को दुर्गा सिंह कोर्राम, चंद्रिका मरकाम, बीरन सिंह, नोहर सिंह श्याम कोतमा, नोहर सिंह मसराम आर्मी, उजयसेन परस्ते, भीमसेन परस्ते, देवनाथ सिंह मसराम, महेन्द्र सिंह परस्ते सहित कई वरिष्ठ सदस्यों ने संबोधित किया। वक्ताओं ने सामजिक एकता को बनाए रखने तथा युवाओं को शिक्षा-रोजगार के प्रति जागरूक करने की अपील की।कार्यक्रम के अंत में सदस्यों ने सामूहिक खिचड़ा भोजन कर आपसी भाईचारे को और मजबूत किया।

# न्यू जोन पावर प्रोजेक्ट एवं टोरंट पॉवर से रक्सा कोलमी क्षेत्र में विकास और रोजगार की नई दिशा



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

क्षेत्र में न्यू जोन पावर प्रोजेक्ट एवं टोरंट पॉवर की गतिविधियाँ आगे बढ़ने के साथ विकास और रोजगार की संभावनाओं को लेकर स्थानीय लोगों के बीच उत्साह और भरोसा बढ़ रहा है। लंबे समय से रूकी हुई यह परियोजना अब सक्रिय होने की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है, जिससे ग्रामीणों और युवाओं में नए अवसरों की उम्मीद मजबूत हुई है। इस परियोजना के पूरा होने पर रक्सादृकोलमी क्षेत्र औद्योगिक मानचित्र पर महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर सकता है। स्थानीय निवासियों का मानना है कि पावर प्लांट के संचालन से बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ने के साथ क्षेत्र में आर्थिक ढांचा भी सुदृढ़ होगा। व्यापार, परिवहन सेवाएँ, बाजार, आवागमन, खानदृपान, होटलदृलॉज और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के विस्तार से प्रत्यक्ष एवं परोक्ष दोनों प्रकार के रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में दैनिक जीवन की सुविधाओं का स्तर भी बेहतर होने की उम्मीद है। परियोजना से जुड़े विभिन्न चरणों कृ निर्माण, संचालन और सपोर्ट सेवाओं कृ में रोजगार के अवसर उत्पन्न होने की संभावना को लेकर युवाओं और प्रभावित परिवारों में उत्साह है। तकनीकी विशेषज्ञ, मशीन ऑपरेटर, आईटीआई/डिप्लोमा धारक, सुरक्षा, परिवहन, प्रशासनिक एवं अन्य सहायक सेवाओं में बड़े पैमाने पर नियुक्तियों की उम्मीद है। स्थानीय युवाओं और निवासियों को प्राथमिकता मिलने की संभावना के कारण क्षेत्र में विश्वास और सकारात्मक माहौल बन रहा है। आर्थिक गतिविधियों में तेज़ी के साथ संपत्ति के मूल्य में भी बढ़ोतरी की उम्मीद है। कमरों, मकानों और दुकानों को किराए पर उपलब्ध कराने वाले परिवारों को अतिरिक्त आय के अवसर मिल सकते हैं। व्यवसायियों एवं उद्यमियों के लिए भी यह परियोजना नई संभावनाएँ लेकर आ सकती है। स्थानीय लोगों का मत है कि बड़े उद्योग की स्थापना के साथ अनेक छोटे और मध्यम व्यवसाय स्वतः विकसित होते हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायी मजबूती मिलती है। न्यू जोन पावर प्रोजेक्ट एवं टोरंट पॉवर के सक्रिय होने से क्षेत्र में स्थायी रोजगार, निवेश तथा आर्थिक उन्नति का नया अध्याय शुरू हो सकता है। रक्सा कोलमी क्षेत्र के लोग इस परियोजना को केवल औद्योगिक प्रगति से नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य, आर्थिक स्थिरता और सामाजिक विकास से भी जोड़कर देख रहे हैं।

# रामपुर बटुरा ओसीएम सोहागपुर एरिया में सबसे बड़ा मेगा प्रोजेक्ट

# 10 साल का 3299 करोड़ का काम

**नई मशीनों की एंट्री से खदान में हलचल, सोहागपुर एरिया में "बड़े बदलाव" की दस्तक**

एसईसीएल सोहागपुर एरिया की सबसे विशाल और महत्वपूर्ण रामपुर बटुरा ओपनकास्ट खदान (ओसीएम) को लेकर इस समय पूरे कोयलांचल में सिर्फ एक ही चर्चा है — 10 साल का 3299.51 करोड़ का मेगा प्रोजेक्ट इतिहास में पहली बार इतना बड़ा अनुबंध एक ही खदान के लिए स्वीकृत हुआ है, जिसे जे.ए.आर.पी.एल. कंसोर्टियम कंपनी को दिया गया है। ढोलू कंपनी का कार्यकाल अंतिम चरण में







धनपुरी।

जनवरी 2026 के बाद बदलाव तयवर्तमान में ढोलू कंपनी खदान का संचालन कर रही है, लेकिन इसका कॉन्ट्रैक्ट जनवरी 2026 में समाप्त हो जाएगा। उसके बाद पूरा ऑपरेशन जे.ए.आर.पी.एल. कंपनी संभालेगी। कंपनी की तकनीकी टीम पिछले दिनों खदान पहुँच चुकी है और नया प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए जमीन स्तर पर गतिविधियाँ शुरू हो चुकी हैं।नई मशीनों का खदान में प्रवेश — ट्रक, डोजर, शॉवल की गड़गड़ाहट से गूँज उठा रामपुर बटुरामेगा प्रोजेक्ट की घोषणा के बाद से ही खदान परिसर मेंनए हाई-कैपेसिटी डंपर,हेवी डोजर, माइनिंग शॉवल,लोडर और ग्रेडर मशीनें लगातार पहुँच रही हैं।खदान क्षेत्र में इन मशीनों की एंट्री से कर्मचारियों में नई ऊर्जा और उत्साह का माहौल है।स्थानीय लोगों का कहना है कि "इतने बड़े पैमाने पर मशीनें एक साथ आते पहली बार देख रहे हैं।"353.80 मिलियन टन मिट्टी हटेगी, 3.75 करोड़ टन कोयला निकलेगा ,अनुबंध के अनुसार कंपनी 10 वर्षों में—353.80 MMT ओवरबर्डन हटाएगी3 करोड़ 75 लाख टन कोयला निकालेगीयह आँकड़ा सोहागपुर एरिया के किसी भी खदान में अब तक का सबसे बड़ा लक्ष्य है।हर साल 30 लाख टन लक्ष्य, लेकिन रामपुर बटुरा ने हमेशा दिखाया दमहेडक्वार्टर द्वारा 30 लाख टन का लक्ष्य तय करने के बावजूद रामपुर बटुरा ने ज्यादातर वर्षों में इससे अधिक उत्पादन कर एरिया को मजबूत बनाया है। नई कंपनी और नई मशीनों के आने से उत्पादन क्षमता कई गुना बढ़ने का अनुमान है।सोहागपुर एरिया में "बदलाव के वर्ष" की शुरुआत — नई कंपनियों की एंट्रीआने वाले महीनों में सोहागपुर एरिया की खदानें नए रूप में काम शुरू करने जा रही हैं—अमलाई ओसीएम में आर.के. ट्रांसपोर्ट जनवरी से उत्पादन शुरू करेगी।रामपुर बटुरा ओसीएम में जे.ए.आर.पी.एल. फरवरी से काम का विस्तार करेगी।राजेंद्रा व दामिनी भूमिगत खदानों में पहली बार सीएम (कन्टिन्यूस माइनर) मशीनें लगाने की तैयारी अंतिम चरण में है।सीएम मशीनों के लगते ही भूमिगत उत्पादन में ऐतिहासिक बढ़ोतरी तय मानी जा रही है।खदानों में आ रहे बदलाव पर चर्चासोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक बी.के. जेना से मुलाकात के दौरान एरिया में हो रहे बड़े बदलाव, नई कंपनियों के प्रवेश और मशीनों की स्थापना को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि अगले दिन विस्तृत रूप से सभी खदानों की प्रगति और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

## खबर संक्षेप



### बसों में किराया सूची चस्पा करने की मांग

**ब्यौहारी।** क्षेत्र के अंतर्गत चलने वाली अधिकांश यात्री बसों में किराया सूची चश्पा नहीं है जिसके कारण से आए दिन यात्रियों से ज्यादा किराया वसूला जा रहा है व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कलेक्टर से मांग की है की सभी बसों में किराया सूची अनिवार्य रूप से चश्मा किया जाए जो बस संचालक किराया सूची चश्पा नहीं करते उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

राजेंद्र प्रसाद गुप्ता अध्यक्ष व्यापारी संघ ब्यौहारी

### 19 केन्द्रों में होगी नवोदय विद्यालय मे प्रवेश परीक्षा

**कटनी।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा, के प्राचार्य श्री प्रेम प्रकाश ने बताया कि 2026-27 के लिये कक्षा छटवीं में प्रवेश लेने हेतु आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 के लिये नवोदय विद्यालय समिति द्वारा प्रवेश पत्र ऑनलाईन जारी कर दिये गये हैं। विद्यालय की वेबसाईट https://cbseitms.reil.gov.in/nvs/AdminCard/AdminCard पर जाकर प्रवेश पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिये विद्यार्थी का पंजीयन संख्या एवं जन्मतिथि की आवश्यकता होगी। जिन अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में समस्या हो' रही हो वह कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं बी०आर०सी० व जन शिक्षकों के माध्यम से अथवा कार्यालय पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा के कार्यालय या जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा प्रभारी श्री उमेश चन्द्र वर्मा, पीजीटी-भूगोल से कार्यालयीन समय में संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश पत्र पर अंकित केन्द्र पर 13 दिसम्बर दिन शनिवार सुबह 10:30 बजे उपस्थित होना है। विस्तृत जानकारी प्रवेश पत्र पर अंकित है। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कटनी के कुल 7055 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी किये गये हैं कटनी जिले के विभिन्न विकासखण्डों रीठी, कटनी, बड़वारा, विजयराघवगढ़, बहोरीबन्द एवं ढीमरखेड़ा के 19 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी।

### भारतीय खान ब्यूरो के अधिकारियों ने खदानों का निरीक्षण

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में गत दिवस खनिज अमले द्वारा विजयराघवगढ़ तहसील स्थित चूना पत्थर की खदानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में भारतीय ख़ान ब्यूरो जबलपुर के क्षेत्रीय अधिकारी भी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के दौरान संयुक्त दल द्वारा जमुवानी कला,अमेहता,हर्रिया और बड़ारी ग्राम में स्थित चूना पत्थर की लेप्स हो चुकी बंद खदानों और माइन क्लोजर प्लान का वेरिफिकेशन किया गया। इसके अलावा संचालित खनिज लीजों में व्यवस्थित खनिज उत्पादन और खनिज रॉयल्टी समय-सीमा में भुगतान करने हेतु समझाइश दी गई। इसके अलावा खदान क्षेत्रों में बरसात के बाद जमा पानी के पुख्ता इंतजाम करने हेतु निर्देशित किया गया।

## शिव महापुराण कथा की प्रथम वर्षगांठ पर अमलाई में भव्य कार्यक्रम सम्पन्न





अमलाई।

शिव महापुराण कथा के सफल समापन की प्रथम वर्षगांठ पर अमलाई में एक भव्य एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना व भजन-कीर्तन से हुई। भजन की मधुर धुनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।कार्यक्रम के दौरान सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए कंबल वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसमें समिति के सदस्यों, समाज में विशेष योगदान देने वाली हस्तियों तथा जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े प्रदान किए गए। आयोजन समिति ने बताया कि यह सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा।कार्यक्रम के सफल संचालन में समिति के सदस्यों एवं स्थानीय जनता का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मंच संचालन का दायित्व विमला पांडेय एवं प्रदीप परोहा ने निभाया। वहीं समिति के प्रमुख सदस्य विवेक पांडेय ने आगामी दिनों में राम कथा के आयोजन की घोषणा की। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि बरगवां में निर्धारित स्थान पर शीघ्र ही भव्य राम मंदिर निर्माण की शुरुआत की जाएगी।

### किसान 15 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर बेच सकेंगे कोदो-कुटकी

**कटनी।** रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजनांतर्गत समर्थन मूल्य पर कोदो-कुटकी खरीदी के लिये जिले के बड़वारा विकासखंड के लिये ग्राम मझगवां में उपार्जन केन्द्र बनाया गया है। इस केन्द्र में कोदो-कुटकी की खरीदी शुरू हो चुकी है। यह खरीदी 15 जनवरी 2026 तक चलेगी। इस उपार्जन केन्द्र का संचालन संगम वी. डी. कृषक उत्पादक संगठन द्वारा किया जा रह है। शुक्रवार को ग्राम उरदानी के किसान बसंता साहू ने 3 क्विंटल कोदो की बिक्री किया। इस दौरान उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास डॉ. आर एन पटेल, पर्यावरणविद् एवं सचिव मानव जीवन विकास समिति निर्भय सिंह और कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों ने भी पहुंचकर उपार्जन केन्द्र का जायजा लिया। श्रीअन्न उत्पादक जिले के कृषकों से श्रीअन्न कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (श्रीअन्न फेडरेशन) द्वारा कोदो-कुटकी का उपार्जन किया किया जा रहा है। खरीफ- 2025 में उत्पादित श्रीअन्न कुटकी 3500 रूपये प्रति क्विंटल एवं कोदो 2500 रुपये प्रति क्विंटल के मान से उपार्जन की राशि प्रदान की जायेगी। इसके अतिरिक्त कृषको को प्रोत्साहन राशि के रूप में राज्य शासन द्वारा 1000 रुपये प्रति क्विंटल के मान से संबंधित कृषकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदाय किये जायेंगे।

## एसईसीएल अमलाई ओपन कास्ट में सुरक्षा पखवाड़ा शुरू

**निरीक्षण 9 दिसम्बर को, खदान पूरी तरह अलर्ट मोड में**




धनपुरी।

एसईसीएल अमलाई ओपनकास्ट माइन में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2025 की शुरुआत के साथ ही पूरा उपक्षेत्र सुरक्षा जागरूकता और निरीक्षण गतिविधियों से सराबोर हो गया है। 1 से 14 दिसम्बर तक चलने वाले इस पखवाड़े का उद्देश्य खदान में सुरक्षा के उच्चतम मानकों को मजबूत करना और कर्मचारियों में सुरक्षा संस्कृति को और सुदृढ़ बनाना है।महाप्रबंधक (खनन) एवं उपक्षेत्रीय प्रबंधक पी. रमन्ना ने बताया कि "सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि कार्य संस्कृति का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। पखवाड़ा हमें अवसर देता है कि हम सुरक्षा व्यवस्थाओं का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन कर सकें और आगे सुधार की दिशा तय कर सकें।"मुख्य आकर्षण – निरीक्षण 9 दिसम्बर कोखदान प्रबंधन के अनुसार 09 दिसम्बर को होने वाला प्रमुख सुरक्षा निरीक्षण इस बार विशेष महत्व रखता है। निरीक्षण के लिए कार्यस्थलों को व्यवस्थित किया जा रहा है, मशीनों की फिटनेस चेक, डंपर-डोजर रूट निरीक्षण, रोशन व्यवस्था समीक्षा तथा ब्लास्टिंग जोन की सुरक्षा रेखाओं की दोबारा जांच जैसे कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं।खान प्रबंधक अल्बर्ट पॉल और सुरक्षा अधिकारी पी.के. साहनी के अनुसार, इस बार सुरक्षा पखवाड़े में आपातकालीन मॉक ड्रिल, गैस मॉनिटरिंग प्रशिक्षण, सेफ्टी टॉक्स, प्रथम उपचार प्रशिक्षण, स्वास्थ्य शिविर, और कर्मचारियों के बीच सुरक्षा प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। पोस्टर, नारे और प्रदर्शनियों के माध्यम से श्रमिकों को ₹सुरक्षा—पहले, हर बार₹ का संदेश दिया जा रहा है।अमलाई परिवार की अपीलअमलाई ओसीएम प्रबंधन एवं कर्मचारी परिवार ने सभी संबंधितों से कार्यक्रमों में अधिकाधिक भागीदारी की अपील की है। प्रबंधन का कहना है कि हर कर्मचारी की उपस्थिति सुरक्षा संस्कृति को मजबूत बनाती है और कामकाज की गुणवत्ता को बढ़ाती है। अंत में सुरक्षा पखवाड़े का मूल संदेश— "सुरक्षा जीवन का अर्थ, सुरक्षा के बिना सब व्यर्थ।"



## राज्य स्तरीय विभिन्न खेल विधाओं में यूआईटी आरजीपीवी के छात्र चयनित

शहडोल।

यूआईटी आरजीपीवी शहडोल के छात्र-छात्राओं ने रीवा नोडल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए विभिन्न खेल विधाओं में चयनित हुए है। राज्य स्तरीय चयन एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज शहडोल के सुशांत केवट, प्रवीन सिंह,आयुष सिंह,प्रशांत विश्वकर्मा, पारस सिंह, दीपेंद्र माहरा राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए विराट सिंह, हिमांशु शर्मा,रौनक केशरवानी,राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए,आयुष शुक्ला, राज्य स्तरीय चयन बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए प्रभात द्विवेदी,आदित्य गुप्ता को चयनित किया गया है। यूआईटी आरजीपीवी शहडोल के संचालक डॉ. पंकज जैन ने चयनित विद्यार्थियों की प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान में शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों को भी समान महत्त्व दिया जाता है, जिसका परिणाम राज्य स्तरीय चयन के रूप में सामने आया है।

## सीएमएचओ ने सिविल अस्पताल जयसिंहनगर का किया निरीक्षण

# एक्स-रे मशीन प्रारंभ करने के दिए निर्देश



शहडोल।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने सिविल अस्पताल जयसिंहनगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी को निर्देश दिए की सिविल अस्पताल जयसिंहनगर में आने वाले मरीजों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदाय की जा रही स्वास्थ्य सेवाए निरंतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा पर्याप्त मात्रा में दवाइयां भी उपलब्ध रहे जिससे मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सिविल अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर एवं नर्स निर्धारित ड्यूटी के अनुसार उपस्थित रहे यह भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में उपलब्ध एक्स रे मशीन को एक सप्ताह की भीतर प्रारंभ कर जरूरतमंद मरीजों को लाभ दिलाए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सिविल अस्पताल जयसिंहनगर में उपलब्ध संसाधनों, दवाइयां एवं अन्य आवश्यक जानकारियां प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

# बाल विवाह एवं दागना कुप्रथा के प्रति लोगों को जागरूक करने निकली जागरूकता रैली




शहडोल।

जिले में बाल विवाह एवं दागना कुप्रथाओं के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी कर्मचारियों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम भटिया एवं पड़मनिया में जागरूकता रैली निकाली गई। मैदानी कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को समझाइश देते हुए बताया कि बाल विवाह एक दण्डनीय कानूनी अपराध है। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि विवाह के लिए युवक की न्यूनतम आयु 21 वर्ष तथा बालिका की 18 वर्ष होना अनिवार्य है।

दगना कुप्रथा पर भी जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं ने बताया कि बच्चों के बीमार होने पर झाड़-फूंक या किसी अंधविश्वास के भरोसे न रहें, बल्कि डॉक्टरों की सलाह लेकर उचित उपचार कराएं। साथ ही उपस्थित लोगों को बाल विवाह न करने एवं कुप्रथाओं को समाज से दूर रखने की शपथ भी दिलाई गई।

## 19 दिसम्बर से राष्ट्रीय बालिका बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन

### खेल मैदान तैयार करने आवास एवं भोजन आदि की व्यवस्था की तैयारियां जोरों पर

**शहडोल।** जिले में पहली बार 14 वर्ष आयु वर्ग की राष्ट्रीय बालिका बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 23 दिसबंर तक होने जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन नगर के चार अलग-अलग मैदानों में किया जाएगा। जिसमें देश के अलग-अलग राज्यों से कुल 44 टीमें हिस्सा लेंगी। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं संयुक्त संचालक शिक्षा उमेश धुर्वे के मार्गदर्शन में सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इस प्रतियोगिता की तैयारियों ने अब जोर पकड़ लिया है, और युद्धस्तर पर सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शहर के चार चयनित मैदानों गांधी स्टेडियम शहडोल, गुडसेफर्ड कॉन्वेट स्कूल मैदान, कन्या महाविद्यालय के बास्केटबाल मैदान तथा डाइट परिसर में आयोजित की जाएंगी। इन खेल मैदानों को प्रतियोगिता के मापदण्डों के अनुरूप व्यवस्थित किया जा रहा है। खेल मैदानों की मरम्मत बैरिकेटिंग रंग रोगन के कार्य किए जा रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी फूल सिंह मारपाची ने बताया कि प्रतियोगिता में देश के अलग अलग राज्यों की 44 टीमें भाग लेंगी। जिसमें 528 छात्राएं तथा टीमों के प्रबंधक एवं कोच शामिल होंगे।

### पांच हॉस्टल में रुकने की होगी सुविधा

14 वर्षीय बालिका बॉस्केटबॉल राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं के ठहरने के लिए सर्वसुविधायुक्त पांच हॉस्टलों में व्यवस्था बनाई जा रही है। इसमें नवीन कन्या छात्रावास (रमसा), नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास, बालिका छात्रावास (सर्व शिक्षा अभियान), कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास एवं दिव्यांग छात्रावास में रुकने की सुविधा होगी। यह सभी छात्रावास पांडवनगर डाइट परिसर में संचालित हैं। इसके साथ ही खेल कोच व बाहर से आए अधिकारियों के लिए बारात घर व होटल की सुविधा उपलब्ध होगी।

## खबर संक्षेप

### नामांतरण बंटवारा लंबित, तीन पटवारी निलंबित

**अनूपपुर।** जिला पंचायत सभागार में 4 दिसम्बर को आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में तहसील जैतहरी, अनूपपुर तथा कोतमा में लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिसमें हल्का पटवारी जैतहरी रामबदन चौधरी के हल्का अंतर्गत नामांतरण के 64 तथा बंटवारा के 30 प्रकरण, हल्का पटवारी सेंदुरी श्रीमती प्रियंका सोनी के हल्का अंतर्गत नामांतरण के 16 तथा बंटवारा के 6 प्रकरण एवं हल्का पटवारी देवगवां सतेन्द्र विश्वकर्मा के हल्का अंतर्गत नामांतरण के 13 तथा बंटवारा के 05 प्रकरण लंबित होना पाया गया। उक्त प्रकरणों के समुचित निराकरण हेतु हल्का पटवारी जैतहरी, सेंदुरी तथा देवगवां के द्वारा कोई सकारात्मक प्रयास नही किया गया। पटवारियों द्वारा किया गया उक्त कृत्य पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही व स्वेच्छाचारिता को दर्शाता है तथा म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के साथ-साथ मूलभूत नियमों का भी उल्लंघन है। जिसे संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने पटवारी रामबदन चौधरी, श्रीमती प्रियंका सोनी तथा सतेन्द्र विश्वकर्मा को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में पटवारी श्री चौधरी का मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग जैतहरी, पटवारी श्रीमती सोनी का मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग अनूपपुर तथा पटवारी श्री विश्वकर्मा का मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग कोतमा नियत किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदाय किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में पुलिस कंट्रोल रूम में थाना कोतवाली प्रभारी शफीक खान एवं नायब तहसीलदार पुष्पेंद्र पन्द्रे द्वारा शहर के सभी मैरिज गार्डन संचालकों एवं डीजे संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में आयोजित होने वाले विवाह एवं सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान यातायात व्यवस्था, सुरक्षा मानकों एवं ध्वनि नियंत्रण से संबंधित आवश्यक निर्देश प्रदान करना रहा। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यक्रमों के दौरान यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए प्रत्येक आयोजन स्थल पर उचित पार्किंग प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए। भीड़ नियंत्रण और व्यवस्था बनाए रखने के लिए वालंटियर की नियुक्ति अनिवार्य होगी। बारात निकालते समय सड़क जाम न हो इसके लिए प्रभावी उपाय चोरी की घटना को ध्यान में रखते हुए सभी मैरिज गार्डन एवं हॉल संचालकों को सीसीटीवी कैमरों की अनिवार्य स्थापना, प्रशिक्षित सुरक्षा गार्डों की तैनाती और कीमती सामान रखने हेतु सुरक्षित स्थल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। ध्वनि नियंत्रण को लेकर भी अधिकारियों ने सख़्त रुख अपनाया। यह निर्देश दिए गए कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निर्धारित डेसिबल सीमा के भीतर ही किया जाए।बारात अथवा कार्यक्रमों में ध्वनि सीमाओं का उल्लंघन करने और सड़क जाम करने पर नियमों के अनुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि यदि किसी भी संचालक द्वारा दिए गए निर्देशों का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित मैरिज गार्डन एवं डीजे संचालकों पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में शहर के सभी मैरिज गार्डन एवं डीजे संचालक उपस्थित रहे और पुलिस प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

### अनूपपुर स्टेशन में अमृत योजना में 'विष घोल' रहा स्वच्छता संकट

# यात्रियों व रहवासियों के लिए 'नरक' बना स्टेशन परिसर

### सुलभ शौचालय निर्माण की मांग तेज, प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

अमृत योजना के तहत अनूपपुर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प भले ही तेज रफ्तार से चल रहा हो, लेकिन स्टेशन परिसर के बाहर स्वच्छता की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। बाहरी क्षेत्र में सुलभ शौचालय न होने के कारण यात्रियों व स्थानीय रहवासियों को गंभीर दुर्गंध और असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति इतनी बदहाल है कि लोग इसे 'नरक जैसी परिस्थिति' कहकर भड़क उठे हैं। भारतीय गण वार्ता (भगवा) पार्टी के जिला महासचिव वरुण चटर्जी ने साथी कार्यकर्ताओं के साथ स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से 11 अप्रैल को महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के नाम पूर्व मे ज्ञापन सौंपा है, जिसमें स्टेशन के बाहर तुरंत सुलभ शौचालय निर्माण की मांग उठाई गई थीं

#### स्वच्छता में बड़ी चूक

योजना के तहत स्टेशन को आधुनिक बनाने, सुंदर बनाने और यात्रियों को बेहतर सुविधाएँ देने के करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। अनूपपुर स्टेशन एक महत्वपूर्ण जंक्शन होने के कारण प्रतिदिन हजारों यात्री यहाँ आते-जाते हैं, लेकिन स्टेशन के बाहर सुलभ कंपलेक्स शौचालय न होने से लोग मजबूरी में खुले में मूत्र विसर्जन कर रहे हैं, जिससे बदबू के कारण आसपास के यात्रियों, दुकानदारों और रहवासियों का जीना दूभर हो गया है। स्टेशन के अंदर मौजूद शौचालय का उपयोग करने के लिए प्लेटफार्म टिकट लेने की अनिवार्यता लोगों को रोकती है। इस कारण अधिकांश लोग सामने स्थित खाली जगह का ही उपयोग कर रहे हैं, जिससे दुर्गंध और गंदगी फैल रही है।



#### विष घोल रहा स्वच्छता संकट

स्टेशन के सौंदर्यीकरण पर करोड़ों खर्च होने के बाद भी सिर्फ एक सुलभ शौचालय की कमी ने पूरे अमृत योजना की छवि धूमिल कर दी है। यात्री बार-बार शिकायत कर रहे हैं कि स्टेशन के सामने फैलती गंदगी और सांस रोक देने वाली दुर्गंध के कारण योजना का औचित्य ही कमजोर पड़ रहा है। उक्त समस्या को लेकर 11 अप्रैल को भी ज्ञापन दिया गया था, परंतु आज तक कोई कार्रवाई न होने से नाराज होकर भगवा पार्टी ने मीडिया के माध्यम से जिला महासचिव वरुण चटर्जी पुनः प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि रेलवे प्रशासन को यात्रियों की असुविधा से कोई सरोकार नहीं, सिर्फ राजस्व संग्रह ही उनकी प्राथमिकता है। जनता की सुविधा के लिए उनकी कोई पहल नहीं दिखती। इन्होंने मांग की है कि सुलभ कश्म्प्लेक्स हेतु बजट स्वीकृत कर उसके निर्माण कार्य को तत्काल प्रारंभ किया जाए, जिससे स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों को राहत मिल सके। रहवासियों का कहना है कि सुंदर परिसर, आधुनिक इमारतें और आकर्षक लाइटिंग का कोई अर्थ नहीं, यदि यात्रियों को बुनियादी सुविधा शौचालय ही उपलब्ध न हो।

## अखंड ब्राह्मण सेवा समिति भारत वर्ष का तृतीय प्रदेश अधिवेशन सम्पन्न

### अमरकंटक में हुये आयोजन पर लिए गए अनेक संकल्प

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित शांति कुटी के सभागार में अखंड ब्राह्मण सेवा समिति भारत वर्ष का दो दिवसीय तृतीय प्रदेश अधिवेशन रविवार को सम्पन्न हुआ। अधिवेशन में प्रदेश भर सहित देश के विभिन्न कोनों से बड़ी संख्या में विप्र बंधु शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुभाष चतुर्वेदी, विशिष्ट अतिथि राजराजेश्वर श्रीमन्त प्रभाकर नरसिंह राव पेशवा (तुरही स्टेट, चित्रकूट) एवं पं. वंदे महाराज, पुजारी नर्मदा मंदिर उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पमाला व अंगवस्त्र से सम्मान किया गया। मातृशक्ति द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने वातावरण को मंगलमय बना दिया।



**संगठनात्मक मजबूती व सामाजिक एकता पर जोर-** अधिवेशन में संगठन विस्तार, सामाजिक एकजुटता, सहयोग एवं सांस्कृतिक चेतना पर व्यापक चर्चा हुई। मंच से पं. वंदे महाराज ने कहा कि समाज में सुधार आज समय की आवश्यकता है। उन्होंने आह्वान किया कि परंपराओं, वेदकर्म एवं संस्कारों से दूर हो चुके समाजजनों को पुनः अपनी मूल सनातन परंपरा से जुड़ना चाहिए। अधिवेशन में समाज के भीतर वैदिक परंपराओं को पुनर्जीवित करने, बच्चों को संस्कारों से जोड़ने तथा विवाह पद्धति में पारंपरिक स्वरूप को अपनाने जैसे विषयों पर सुझाव दिए गए। मंच से कहा गया कि विवाह संस्कार तीन दिवसीय वैदिक पद्धति से हों तथा अनावश्यक आधुनिक रीतिदृरिवाजों से दूरी बनाई जाए।

**लिए गए अनेक संकल्प -** विशिष्ट अतिथि राजराजेश्वर श्रीमन्त प्रभाकर नरसिंह राव पेशवा, जो पेशवा बाजीराव के 17वें वंशज होने का दावा करते हैं, ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की उन्नति के लिए संगठित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने ब्राह्मण समाज के संगठनों से एकजुट होकर सरकार के समक्ष अपने वैधानिक अधिकारों संबंधी मांगें रखने की बात कही। साथ ही छोटेदृछोटे व्यवसायों में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी उन्होंने जोर दिया।

### फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण स्थल पर 13 दिसंबर को हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

# सद्बुद्धि हवन के बाद अब हनुमत कृपा से सद्बुद्धि का प्रयास














हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

नगर के बहुप्रतीक्षित फ्लाईओवर ब्रिज रेलवे निर्माण में लगातार 9 वर्षों से हो रही देरी को लेकर भारतीय गण वार्ता पार्टी (भगवा) ने इस बार आध्यात्मिक चेतना के माध्यम से प्रशासन एवं संबंधित एजेंसियों का ध्यान आकर्षित करने का निर्णय लिया है। इस उद्देश्य से 13 दिसंबर शनिवार को प्रातः 11 बजे, फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण स्थल, वन विभाग के सामने, फ्लाईओवर ब्रिज के प्रारंभिक हिस्से पर सद्बुद्धि हेतु 108 हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में हवन एवं प्रसाद वितरण भी होगा। भगवा पार्टी के जिला अध्यक्ष पं.कन्हैयालाल मिश्रा ने बताया कि सनातन परंपरा में जब किसी महत्वपूर्ण कार्य में निरंतर अवरोध आते हैं,तब दिव्य मार्गदर्शन हेतु यज्ञ, मंत्रोच्चारण एवं हनुमान चालीसा का सहारा लिया जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान राम के सभी काज पवनपुत्र हनुमान के द्वारा ही सिद्ध हुए।कवन सो काज सकल जग माहीं, जो नहि होय तात तुम पाहिं, इसी विश्वास के साथ यह अनुष्ठान रखा गया है।

#### 9 वर्षों से अधूरा फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण

जनप्रतिनिधियों, नागरिकों और व्यापारियों की बार-बार की मांग के बावजूद फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण निर्धारित समय सीमा में पूरा नहीं हो सका। परिणामस्वरूप नगर का विकास प्रभावित हो रहा है इसके साथ ही व्यापारिक गतिविधियाँ पूरी तरह से बाधित हो चुकी है। वही स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर पूरे नगर वासी काफी परेशान है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए भगवा पार्टी ने निर्माण एजेंसी, रेलवे प्रशासन, मध्यप्रदेश शासन,सेतु निर्माण विभाग एवं ठेकेदारों की सद्बुद्धि के लिए यह पावन आध्यात्मिक प्रयास किया है, ताकि कार्य में गति आए और जनहित सुरक्षित हो। धर्मावलंबियों एवं समाजसेवियों करतार केवलानी, राकेश गौतम, अशोक राठौर, वरुण चटर्जी, रामसजीवन गौतम, साजनदास केवलानी, विवेक सरावगी, सुजीत मिश्रा सहित अन्य ने जिले के धर्मप्रेमियों, युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं मीडिया से अपील की है कि वे इस शांतिपूर्ण एवं सकारात्मक आंदोलन में अधिकाधिक संख्या में पहुँचे और फ्लाईओवर ब्रिज निर्माण को पूर्ण कराने की सामूहिक चेतना को बल दें। आयोजकों ने कहा कि यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि वर्षों से लंबित विकास कार्य को गति देने का सामूहिक संकल्प है। हनुमान चालीसा की दिव्य ऊर्जा से, बाधाएँ दूर हों, संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को कार्य के प्रति जिम्मेदारी व सद्बुद्धि प्राप्त हो और नगर को शीघ्र पूर्ण फ्लाईओवर ब्रिज का लाभ मिल सके। इसी भावना से यह आयोजन किया जा रहा है।

#### 22 को कर चुके सद्बुद्धि हवन

ज्ञात हो कि नगर के बहुप्रतीक्षित रेलवे ओवरब्रिज निर्माण में हो रही लगातार देरी को लेकर इससे पूर्व भी 22 नवंबर को भगवा पार्टी ने शांतिपूर्ण, रचनात्मक और सनातन परंपराओं पर आधारित सद्बुद्धि हवन यज्ञ आयोजित किया था। कार्यक्रम को प्रतीकात्मक रूप से अधिक प्रभावी बनाने के लिए हवन स्थल ओवरब्रिज के नीचे ही निर्धारित किया गया था, ताकि प्रशासन और शासन का ध्यान सीधे तौर पर इस लंबे समय से लंबित निर्माण कार्य की ओर आकृष्ट हो सके और इस बार भी फ्लाईओवर ब्रिज के प्रारंभिक हिस्से पर आयोजन किया जायेगा। आयोजकों ने कहा कि यह आयोजन धार्मिक आस्था से परे विकास की मांग है। यह अनूपपुर की जनता का सामूहिक संकल्प है कि अब फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण में देरी नहीं चलेगी। प्रशासन को जागना होगा, जनता सजग है।

### विद्युत विभाग मे आउटसोर्स कर्मियों को बाहर करने का गोपनीय निर्देश

# सरकार के रोजगार के दावे पर बेरोजगारी का फरमान


### मैन पावर बढ़ाने के बजाए घटाना आश्चर्यजनक- श्री भार्गव

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

म.प्र. विधानसभा चुनाव वर्ष 2023 में भाजपा ने अपने वचन-पत्र चरण क्र.-81 में प्रदेश के आउटसोर्स कर्मचारियों को केन्द्र समान सुविधा देने व उन्हें संविदा कर्मी बनाने का वादा किया था, पर इस पर अमल के बजाए बिजली कम्पनियों द्वारा जारी नई भर्ती नोटिफिकेशन में आउटसोर्स कर्मियों को संविदा बनाने या नियमित करने हेतु 50 प्रतिशत आरक्षण देने का कोई जिक्र ही नहीं, उल्टे बिजली कम्पनी मुख्यालय द्वारा हर डिवीज़न से हर माह पांच आउटसोर्स कर्मियों को कम करने हेतु गोपनीय रूप से निर्देश जारी किए जा रहे हैं, जिसकी म.प्र. बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव व महामंत्री दिनेश सिसोदिया ने घोर निंदा की है।

#### रोजगार के दावे पर बेरोजगारी का फरमान

म.प्र. बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव ने कहा कि एक ओर म.प्र. सरकार रोजगार दिवस मनाकर लाखों रोजगार देने के वादे कर रही है, वहीं दूसरी ओर पूर्व क्षेत्र बिजली कम्पनी जबलपुर हैड ऑफिस से सहित अनेक कार्यालयों द्वारा हर डिवीजन से प्रतिमाह पांच आउटसोर्स कर्मियों की संख्या कम करने का फरमान लिखित रूप से जारी किया जा रहा है। यदि इन निर्देशों का पालन कर संभागीय अधिकारी आउटसोर्स कर्मचारियों को नहीं हटाते हैं तो इन अधिकारियों के वेतन से इन पांच कर्मचारियों का वेतन वसूलने कर फरमान सुनाया जा रहा है। कार्यालय अधीक्षण यंत्री सिवनी सर्किल द्वारा 26 नवम्बर 2025 को जारी पत्र इसका जीवन्त उदाहरण है। श्री भार्गव के मुताबिक बिजली कम्पनी में लम्बे समय से भर्ती नहीं होने के कारण मानव संसाधन विशेषकर तकनीकि व गैर-तकनीकि कर्मचारियों की भारी कमी है। पिछले 10 वर्षों में सभी बिजली कम्पनियों में लाईनों की लम्बाई बढ़ी, साथ ही बिजली उपभोक्ताओं की संख्या भी डेढ़ गुना बढ़ी, इससे बिलिंग, वसूली व वितरण सहित सभी काम बढ़े। इसी तरह वितरण एवं पॉवर ट्रांसफार्मर बढ़ने से मेंटेनेंस वर्क का वर्कलोड बढ़ा, पर इस अनुपात में मेन पावर बढ़ाने के बजाए मैन पॉवर आउटसोर्स कर्मियों की तेजी से अकारण छंटनी करना और इसका वर्कलोड दूसरे कर्मचारियों पर डालना श्रमिकों पर कुठाराघात है।



#### आउटसोर्स के लिए बने समयबद्ध योजना

श्री भार्गव का मत है कि बिजली सेक्टर में पिछले पचास सालों में कच्चे व मस्टर कर्मियों को परमानेन्ट करने की परिपाटी रही है, पर यदि बिजली कम्पनियों में इन दिनों जारी नई भर्ती में कच्चे माने जाने वाले अनुभवी व कार्यदक्षता रखने वाले आउटसोर्स कर्मचारियों की अनदेखी कर केवल फ्रेशर्स कर्मियों के जरिए भर्ती की जाती है तो जहाँ बिजली कम्पनियों पर चार गुना वेतन का वित्तीय बोझ बढ़ेगा, वहीं करीब 50 हजार बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों की छंटनी हो जाने से वह बेरोजगार व तबाह हो जाएंगे। यदि म.प्र. सरकार लघु व छोटे पद सृजित कर आउटसोर्स की मौजूदा वेतन पर ही विभागीय परीक्षा लेकर संविदा या नियमित कर्मी के रूप में भर्ती करे तो बिजली कम्पनी पर वित्तीय बोझ भी नहीं आएगा और भाजपा द्वारा विधानसभा वचन-पत्र क्र.-81 में दिए गए वचन का पालन भी अतिरिक्तप खर्च के बिना हो जाएगा। अन्यथा म.प्र. के करीब 50 हजार आउटसोर्स कर्मियों की आकांक्षा व सपने चूर-चूर हो जाएंगे। बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव ने मुख्यमंत्री व उर्जामंत्री से आग्रह किया कि वह प्रस्तावित नई भर्ती में बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों की अनदेखी नहीं करें और आउटसोर्स कर्मियों के कल्याण के लिए उर्जा सेक्टर की नई भर्ती में ही इस प्रकार का ठोस ढांचा व समयबद्ध आउटसोर्स रिफॉर्म नीति विकसित करे, जिससे भाजपा वचन-पत्र चरण क्र.-81 के अनुरूप आउटसोर्स कर्मचारी संविदा कर्मी बनकर केन्द्र समान सुविधा पा सकें। अन्यथा यह आउटसोर्स कर्मियों की तौहीन होगी, जिससे निकट भविष्य में बिजली आउटसोर्स कर्मी मजबूरन आंदोलन करने पर विवश होंगे।

# दुर्ग एवं हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन के बीच स्पेशल ट्रेन की सुविधा



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

रेलवे प्रशासन द्वारा शीतकालीन में गाड़ियों मे होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए एक स्पेशल ट्रेन का परिचालन दुर्ग एवं हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन के मध्य एक फेरे के लिये किया जा रहा है। यह ट्रेन दुर्ग से गाड़ी संख्या 08760 तथा हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन से गाड़ी संख्या 08761 के साथ चलेगी। यह स्पेशल ट्रेन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर, उसलापुर, पेंडरा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुरवारा, दमोह, सागर, झाँसी, आगरा कैंट, मथुरा जंक्शन, पलवल स्टेशनों पर ठहरकर हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन तक जाएगी। 08760 दुर्गदृहज़रत निज़ामुद्दीन स्पेशल दुर्ग से 7 दिसम्बर तथा 08761 हज़रत निज़ामुद्दीन-दुर्ग स्पेशल हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन को 08 दिसम्बर को छूटेगी।

#### ऐसी होगी समय सारिणी

गाड़ी संख्या 08760 दुर्ग-हज़रत निज़ामुद्दीन स्पेशल ट्रेन रविवार को 07 दिसम्बर को दुर्ग से 10.45 बजे रवाना होगी जो कि रायपुर स्टेशन आगमन 11.20 बजे, प्रस्थान 11.25 बजे, उसलापुर स्टेशन आगमन 13.20 बजे, प्रस्थान 13.30 बजे, पेंडरा रोड स्टेशन आगमन 14.55 बजे प्रस्थान 14.57 बजे, अनूपपुर आगमन 15.35 बजे प्रस्थान 15.40 बजे, शहडोल स्टेशन आगमन 16.15 बजे प्रस्थान 16.17 बजे, उमरिया स्टेशन आगमन 17.09 बजे प्रस्थान 17.11 बजे, कटनी मुरवारा स्टेशन आगमन 18.40 बजे प्रस्थान 18.50 बजे ,दमोह स्टेशन आगमन 20.20 बजे प्रस्थान 20.22 बजे, सागर स्टेशन आगमन 21.25 बजे प्रस्थान 21.30 बजे , झाँसी स्टेशन आगमन 01.55 बजे प्रस्थान 02.05 बजे, आगरा कैंट स्टेशन आगमन 06.35 बजे प्रस्थान 06.40 बजे एवं हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन 11.10 बजे पहुचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 08761 हज़रत निज़ामुद्दीन दुर्ग स्पेशल ट्रेन सोमवार को 08 दिसम्बर को हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन से 12.30 बजे रवाना होगी जो आगरा कैंट स्टेशन आगमन 15.40 बजे प्रस्थान 15.45 बजे, झाँसी स्टेशन आगमन 21.30 बजे प्रस्थान 21.40 बजे, सागर स्टेशन आगमन 02.10 बजे प्रस्थान 02.15 बजे, दमोह स्टेशन आगमन 03.25 बजे प्रस्थान 03.27 बजे, कटनी मुरवारा स्टेशन आगमन 06.10 बजे प्रस्थान 06.20 बजे, उमरिया स्टेशन आगमन 07.36 बजे प्रस्थान 07.38 बजे, शहडोल स्टेशन आगमन 08.35 बजे प्रस्थान 08.37 बजे, अनूपपुर आगमन 09.15 बजे प्रस्थान 09. 20 बजे, पेंडरा रोड स्टेशन आगमन 09.57 बजे प्रस्थान 09.59 बजे, उसलापुर स्टेशन आगमन 11.50 बजे प्रस्थान 12.00 बजे, रायपुर स्टेशन आगमन 13.50 बजे, प्रस्थान 13.55 बजे एवं दुर्ग 15.00 बजे पहुचेगी। इस ट्रेन में 01 एसएलआरडी, 05 सामान्य, 04 शयनयान, 8 एसी-3, 01 एसी -2, 02 एकोनोमिक्स कोच सहित कुल 18 कोच की सुविधा उपलब्ध है।

### रेलवे कॉलोनी में स्वच्छता की उड़ाई जा रही धज्जियां

# रिहायसी क्षेत्र मे ही फेंक रहे कचरा, लगा अंबार

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

**रेलवे कॉलोनी** में रेलवे प्रबंधन के द्वारा स्वच्छता की धज्जियां उड़ाई जा रही है। रेलवे के द्वारा सफाई के नाम पर ठेकेदार को लाखों का ठेका दिया गया है उसके बावजूद भी रेलवे कॉलोनी में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से अव्यवस्थित है। कॉलोनी में झाड़ियां उगी हुई है जगह-जगह कचरा का ढेर लगा हुआ है नाली पूरी तरह से जाम है नाली का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगता है। जिसके कारण आवागमन करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वही कॉलोनी में निवास करने वाले रेलवे के कर्मचारी के परिवार नाली के दुर्गंध से परेशान है। गंदगी के कारण सांप बिच्छू घरों में घुस जाते हैं। एक ओर स्वच्छता का दम्भ भरने वाली रेल प्रबंधन अपने ही कॉलोनी में स्वच्छता नहीं करा पा रही है और उसके मातहत कर्मचारी स्वच्छता को पलीता लगाने में उतारू है। रेलवे के द्वारा हर वर्ष सफाई के नाम पर लाखों का ठेका दिया जाता है और ठेकेदार को सफाई का जिम्मा सौंप दिया जाता है। लेकिन सफाई ठेकेदार के द्वारा कॉलोनी में सही ढंग से साफ सफाई नहीं करवाई जाती है रेलवे कॉलोनी में जगह-जगह कचरे का अंबार लगा हुआ है। कॉलोनी के आसपास झाड़ियां उगीं हुई है। जिसकी साफ सफाई ठेकेदार के द्वारा नहीं करवाई जा रही है। झाड़ियां उगी होने के कारण रेलवे के कर्मचारियों के परिवार को हर समय डर बना रहता है कि कहीं कोई जहरीला कीड़ा काट न ले। सफाई ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा आमजन को उठाना पड़ रहा है।



**रिहायसी क्षेत्र मे ही फेंक रहे कचरा-** रेलवे कॉलोनी में सफाई कर्मचारियों के द्वारा झाडू लगाने के बाद कचरे को अलग-अलग जगह में इकट्ठा कर दिया जाता है और उस कचरे में आग लगा दी जाती है। जिसके कारण रेलवे कॉलोनी के साथ ही आसपास निवास करने वाले रह वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कचरे से उठने वाले धुएं से कई प्रकार की घातक बीमारी होने का अंदेशा भी बना रहता है। गले की भी बीमारी होने का अंदेशा बना हुआ है। लेकिन इन सबसे ठेकेदार एवं सफाई कर्मचारियों को क्या लेना देना है उनका काम हो गया बस इतना ही पर्याप्त है। इतना ही नही कचरे को कर्मचारियों के रिहायशी क्षेत्र मे ही फेंका जा रहा है जिसके कारण कचरे का अंबार लगा हुआ है। जबकि साफ निर्देश है कि रिहायशी क्षेत्र मे कचरे को इकट्ठा न किया जाए। रेलवे प्रबंधन के द्वारा मुख्य मार्ग मे सड़क किनारे बडा नाला बनवाया गया था जो खुला पड़ा है चेंबर की ढकाई नहीं करवाई गई है जिसके कारण हर समय दुर्घटना की आंशका बनी रहती है। रेल प्रबंधन के द्वारा इस क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।